तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 30 सितंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



08 बैज बोले- न्याय यात्रा का मकसद प्रदेश को बचाना और शांति वापस...





10 देश के विकास में योगदान देने वालों को आगे लाने बेहतर ...




# नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर, मंदिरों में की जा रही सफाई, बनाए जा रहे पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

पितृ पक्ष को अब दो दिन शेष हैं। उसके बाद 3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो जाएगी। नवरात्रि को लेकर नवागढ़ शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में तैयारियां जोरों पर है। मंदिरों में जहां साफ-सफाई और रंग-रोगन किया जा रहा है, वहीं रंग-बिरंगे झालरों से सजाया जा रहा है।

इसी तरह सिद्ध शक्तिपीठ मां महामाया धाम बुचीपुर में शारदीय नवरात्रि एवं विराट मेले की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष मंदिर में रंग-रोगन का कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं, दूर दराज से आने वाले भक्तों के रुकने की व्यवस्था के लिए पंडाल भी लगाए जा रहे हैं। समिति के सदस्य सचिव तुकाराम निषाद ने बताया कि इस बार शारदीय नवरात्रि 3 अक्टूबर से लेकर 12 अक्टूबर तक है। उन्होंने बताया कि 3 अक्टूबर को शुभ मुहूर्त में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जाएगी। ज्योति प्रज्ज्वलित करने वाले भक्तों के लिए अभी से ही रसीद काटना जारी है। उन्होंने बताया कि देवी मंदिरों में जंवारा भी बोये जाएंगे। मंदिर समिति के अध्यक्ष ओमकार वर्मा ने बताया कि 8 अक्टूबर को पंचमी के अवसर पर माताजी का विशेष श्रृंगार होगा। 11 अक्टूबर अष्टमी तिथि के दिन श्री दुर्गा अष्टमी के साथ भव्य रूप से नौ कन्या पूजन का आयोजन होगा। उसके बाद हवन करने के बाद पूर्णाहुति दी जाएगी। 14 अक्टूबर को महानवमी के दिन जवारा विसर्जन किए जाएंगे। उसके बाद 15 अक्टूबर की शाम दशहरा पर रावण वध का कार्यक्रम भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

## सिद्ध शक्तिपीठ मां महामाया धाम बुचीपुर में मेले की भी तैयारी



### प्रतिदिन होंगे जस-झांकी कार्यक्रम

श्री वर्मा ने बताया कि मातारानी की भक्ति के लिए प्रतिदिन रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जस झांकी कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है। साथ ही नवरात्रि के 5 दिन बाद शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भी प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मंदिर प्रांगण में शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार कार्तिक साहू अपनी स्वर से मातारानी के भक्तों को मंत्र मुग्ध कर करेंगे।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए किया गया प्रेरित

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत बेमेतरा जिले के विकासखंड बेरला स्थित शासकीय महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को बाल संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय पोषण माह, नशा विरोधी अभियान, पोषण भी पढ़ाई भी और मिशन शक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन ज़िला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया के निर्देशन में किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास अधिकारी, सीपी शर्मा ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का नेतृत्व ज़िला बाल संरक्षण अधिकारी, व्योम श्रीवास्तव ने किया, जिन्होंने बच्चों को बाल संरक्षण और उनके अधिकारों से अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को न केवल स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, बल्कि उन्हें नशे से दूर रहने और महिला सशक्तिकरण के महत्व को भी समझाया गया।

### गुण्डरदेही-धमतरी मार्ग में गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी

**बालोद/कलंगपुर।** क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण गुण्डरदेही से धमतरी मुख्य मार्ग पर कई जगहों पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में फंसकर अक्सर दो पहिया वाहन चालक गिर जाते हैं। कलंगपुर के नजदीक भटगांव पेन्डरी चौक के आस-पास मुख्य सड़क पर बहुत से गड्ढे हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाने से गड्ढों का पता नहीं चलता है और दो पहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।संबंधित विभाग द्वारा इन गड्ढों में गिट्टी एवं मुरुम व मिट्टी डालकर भर दिया जाता है, लेकिन जैसे ही बारिश होती है तो बड़े वाहनों के दबाव से गड्ढों में डाली गई गिट्टी-मुरुम पुनः उखड़ जाती है, जिससे स्थिति फिर पहले की तरह हो जाती है।

### सीएमओ ने किया नगर के वार्डों का निरीक्षण

**डौंडीलोहारा।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत डौण्डीलोहारा अशोक चौबे ने 28 सितंबर को प्रातः 8 बजे वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड क्र.14 काली मंदिर के समीप कचरा साफ करने के लिए आदेशित किया गया। वार्ड क्र.14 में अधूरी नाली निर्माण के संबंध में जानकारी ली गई। नाली निर्माण कार्य के दौरान निकाली गई मिट्टी के ढेर को ठेकेदार को तत्काल हटाने एवं मरम्मत कार्य को जल्द पूरा करने को कहा। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के आस-पास भवन निर्माण सामग्री को हटाने व वार्ड क्र. 15 में नालियों पर रख लकड़यों और निर्माण सामग्री को हटाने के लिए तत्काल आदेशित किया गया। निरीक्षण के दौरान नारायण सिन्हा पार्षद वार्ड क्र.14, अनिता साहू पार्षद वार्ड क्र.15 उपस्थित रहे। वार्डवासियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए तत्काल निराकरण करने के निर्देश कर्मचारियों को दिए।

### विद्यार्थी विद्यालय परिसर के बाहर रखते हैं साइकिल

**बालोद/कलंगपुर।** स्थानीय शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं की साइकिल रखने के लिए विद्यालय परिसर में स्टैंड नहीं है। इसके अभाव में बच्चे अपनी सायकिल विद्यालय के मुख्य गेट के सामने एवं बाजार स्थल पर खुले आसमान के नीचे रखने के लिए मजबूर हैं। इसके कारण उनकी साइकिल बारिश के दिनों में भी भीगते हुए पड़ी रहती है। विद्यालय के प्रधान पाठक ने बताया कि स्कूल के पीछे किनारे पर बच्चे अपनी सायकिल रखते थे, लेकिन उस जगह ग्राम पंचायत द्वारा गार्डन बनाकर जालीतार से घेर दिया गया है।

## आरोप : नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर पर लगाया मारपीट का आरोप

# मरीज व डॉक्टर के बीच विवाद, थाने में जमकर हंगामा, फुटेज देखने के बाद एफआईआर दर्ज


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शनिवार शाम एक मरीज के साथ डॉक्टर द्वारा की गई कथित मारपीट के मामले को लेकर थाने में हाईप्रोफाईल ड्रामा हुआ। उसके बाद घटना दिनांक की रात करीब 11 बजे सीसीटीवी फूटेज देखने के बाद पुलिस ने आरोपी डॉक्टर अजीत कुमार नायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया। इधर डॉक्टर ने भी ड्यूटी के दौरान उसके साथ शराब के नशे में दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप लगाते हुए ग्राम तोरन निवासी कृष्णा कुमार पटेल के खिलाफ अपराध पंजीबध्द करने पुलिस को आवेदन दिया है।

शनिवार को देर रात चले घटनाक्रम में सत्ता पक्ष के लोगों ने थाने में ही पुलिस प्रशासन पर दलाली का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और डॉक्टर के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की। ग्रामीणों ने भी मरीज के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए थाने में जमकर हंगामा किया। उसके बाद प्रार्थी तोरन निवासी कृष्ण कुमार पटेल के बयान पर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296,351(2) तथा 115(2) के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार झा, डीएसपी कौशल्या साहू, साजा एसडीएम महेश्वरी, नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू सहित आसपास के थाने से पुलिस बल भी थान खम्हरिया पहुँच चुके थे।

मिली जानकारी के अनुसार 28 सितंबर को शाम ग्राम तोरन निवासी कृष्ण कुमार पटेल ने कुत्ता काटने के कारण इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचा। पटेल ▶▶| शेष पेज 09 पर

### डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कराने की मांग को लेकर ग्रामीण देर रात तक थाने में डटे रहे



### पूरे घटनाक्रम के दौरान बैकफुट पर रही पुलिस

मरीज के साथ डॉक्टर द्वारा की गई कथित मारपीट के मामले में पुलिस प्रशासन बैक फुट पर नजर आया। पांच घंटे तक चले हंगामे को नियंत्रित करने में नाकाम दिख रही पुलिस को सत्ताधीशों ने खरी खोटी तक सुनाई, मगर माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया। मरीज और उसके पक्षकार केवल आरोपी डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर करने की मांग करते रहे। इस दौरान पुलिस की मजबूरी आमजन को समझ नहीं आई और पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस बैकफुट पर नजर आयी।

### हंगामा, थाना घेराव और ऊंची पहुँच पर ही एफआईआर

प्रदेशभर में चल रहे घटनाक्रमों से पता चलता है कि अब थाने में हंगामा, घेराव तथा सत्ताधारी दल के नेताओं के फोन काल से थानों में एफआईआर हो रहे हैं। ऐसे में बेबस व बेहसहारा अन्य लोगों को कैसे न्याय मिल सकता है, यह एक यक्ष प्रश्न है। केन्द्र सरकार के तीन नवीन कानून में अब सजा नहीं न्याय मिलेगा का नारा भी दुष्प्रभाव होते दिख रहा है। जहाँ देखो वहां हंगामा खड़ा कर दिया जाता है, इससे पुलिस प्रशासन के लिए भी बड़ी चुनौती भी साबित हो रही है।

### जिलेभर के डॉक्टरों के भी लामबंद होने की सुगबुगाहट

थान खम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शनिवार हुए घटनाक्रम को लेकर डॉक्टर अजीत कुमार नायक ने भी अपने बचाव में स्थानीय थाने में दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए मरीज के विरूद्ध अपराध पंजीबध्द करने अर्जी लगाई है। इस सब के बीच अब बेमेतरा जिलेभर के डॉक्टरों के कार्रवाई को लेकर लामबंद होने की सुगबुगाहट मिल रही है। लगातार इस प्रकार की अप्रिय घटना से डॉक्टर भी क्षुब्ध हैं। इस प्रकार इलाज को लेकर उपजे विवाद ने प्रशासनिक अमलों के लिए भी बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है।

# जब तक प्लांट बंद नहीं होगा, जारी रहेगा आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ ग्राम पथर्रा में आंदोलनरत किसानों की दो टूक

जिला मुख्यालय के समीप ग्राम पथर्रा में लगने वाले एथेनाल प्लांट को बंद करने तक ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने आंदोलन चलाने की मानो कसम खा ली है। आंदोलन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि जब तक प्लांट बंद नहीं होगा, आंदोलन जारी रखेंगे। यही कारण है कि रविवार को छुट्टी के दिन भी आंदोलन जारी रहा। उधर, अवकाश का दिन होने के कारण बच्चे भी आंदोलन में शामिल हुए। इसके अलावा ग्राम पंचायत द्वारा पंचायती राज अधिनियम की धारा 54 के तहत कारखाना विनिमयन के लिए प्रस्ताव पास किया जा चुका है। इसके क्रियान्वयन के लिए शीघ्र ही विहित अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे।

सातवें दिन आंदोलन स्थल पर स्कूली बच्चे गीत संगीत और देश भक्ति गीत से पूरा माहौल ओतप्रोत रहा। देखा जा रहा है कि आंदोलन स्थल पर दिन प्रति दिन लोग दुगुने उत्साह से आंदोलन में शामिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का धरना सुबह 10 बजे शाम 5 बजे के लगभग निरंतर चलता है। धरना के बाद किसान आस पास के गांव में इस आंदोलन के समर्थन में जनजागरण अभियान चलाते है। इसके अलावा शनिवार ग्रामीणों में निर्माणधीन प्लांट की गतिविधियों पर एक प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन भी सौंपा गया। इसके साथ ही प्लांट प्रबंधन की ओर से उकसाने की कार्रवाई न हो, इसके लिए सावधान किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कुछ समय से प्लांट प्रबंधन की ओर गैर कानूनी गतिविधियां संचालित करने की बात लगातार सामने आ रही है ।बहरहाल रविवार को छुट्टी के दिन किसानों, महिलाओं और बच्चों की उपस्थिति ज्यादा दर्ज की गई है। ▶▶| शेष पेज 09 पर

# सड़क किनारे उगीं झाड़ियों से बढ़ी दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



छत्तीसगढ़ राज्य विकास प्राधिकरण अंतर्गत निर्मित दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाइवे पर विभागीय अफसरों की उदासीनता के कारण सड़कों पर बने पुल के एप्रोच मार्ग के आसपास दोनों ओर बड़ी संख्या में अनावश्यक झाड़ियां एवं पेड़-पौधे उग आए हैं, जो राहगीरों की राह में परेशानी पैदा कर रहे हैं।

वहीं, पुल के एप्रोच मार्गों पर पेड़-पौधों उग जाने से पुल की मजबूती एवं गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। पेड़-पौधों की जड़ों से पुल को नुकसान पहुंच रहा है। फिर भी जिम्मेदार आला अधिकारी अनजान बने हुए हैं, जबकि नेशनल हाइवे के बाद ज़िले का काफी अहम एवं व्यस्ततम मार्ग है फिर भी बरसो से भेड़नी गाँव एवं हथमुड़ी गाँव सहित अन्य जगहों के पुलों पर झाड़ियों से सड़क व पुल की सुंदरता, मजबूती एवं उपयोगिता पर काफी असर पड़ रहा है। जिस पर शासन-प्रशासन द्वारा संज्ञान लेकर गैर जरूरी पेड़ों व झाड़ियों की सफाई करानी चाहिए, ताकि सड़क मार्ग में किसी तरह का बाधा न हो।

कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा में हुआ 5 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन

# किसानों को बताई गई जैविक खेती सब्जियों के नर्सरी उत्पादन की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा में विकसित भारत 2047 अंतर्गत 100 दिवसीय कार्ययोजना अंतर्गत विभिन्न आजीविका मूलक उन्नत कृषि तकनीकों पर 5 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बेमेतरा ज़िले के 200 कृषक, महिला कृषक एवं कृषि सखियों ने इस प्रशिक्षण में शामिल हुए।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केन्द्र के प्रमुख डॉ. तोषण कुमार ठाकुर ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कृषकों को जैविक खेती, सब्जियों की नर्सरी उत्पादन तकनीक, समन्वित कृषि प्रणाली एवं मशरूम उत्पादन के विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान कृषकों को बताया गया कि जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती भविष्य की मांग है, जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती केमाध्यम से ही कृषि भूमि के स्वास्थ्य व उससे मिलने वाली उपज की गुणवत्ता को बेहतर किया जा सकता है।

इस दौरान बताया कि समन्वित कृषि प्रणाली, जैविक खेती के लिए अति आवश्यक आदान समाग्री जैसे जैविक खाद एवं पौध सुरक्षा के उपाय को सुनिश्चित करता है, इसके साथ ही उत्पादन लागत को कम करते हुए प्रति इकाई क्षेत्रफल से अधिक उत्पादन व अधिक लाभ प्रदान करता है। समन्वित कृषि प्रणाली में कृषि के साथ उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन एवं मशरूम उत्पादन कार्य को किसान के पास ▶▶| शेष पेज 09 पर

## बेरला विकासखण्ड के ग्राम ग्राम परपोड़ा में नजर आ रही लापरवाही

# निर्माण के बाद उपयोग से पहले ही टंकी में रिसाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अनुविभाग साजा अंतर्गत बेरला विकासखण्ड के गाँव-गाँव में शासन-प्रशासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी निर्माण हाल के वर्षों में हुआ है, किंतु अभी से इस वाटर टैंक में जल का रिसाव एवं लीकेज होने का गम्भीर मामला सामने आने लगा है। इससे सरकारी योजना के तहत किए गए कार्य की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा होने लगा है।

बताया जा रहा है कि ठेकेदार द्वारा परपोड़ा में करीब 2 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से इस वाटर टैंक को बनाया गया है। इसके कई किश्तों की राशि का भुगतान करा लिया गया है। वहीं इसी ठेकेदार एजेंसी द्वारा ही बेरला क्षेत्र के ग्राम मोहभट्ठा, रेवे आनन्दगाँव एवं सिलघट में भी पानी टंकी निर्माण कार्य किया गया है। जहाँ पर भी ठेकेदार की मनमानी एवं लापरवाही नज़ारा देखने को मिल रहा है। उधर, ग्रामीणों का कहना है कि हालांकि विभाग द्वारा कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है, जबकि जमीन पर इसके उलट देखने को मिल रहा है।

सरकारी महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन कर नाम पर शासन-प्रशासन के करोड़ों रूपये-पैसो की बर्बादी कर राष्ट्रीय अमृत जल जीवन मिशन कार्य का पलीता लगाया जा रहा है, जो काफी चिंताजनक है। जबकि असलियत नवनिर्मित वाटर टैंक से गाँव में कई दशकों तक पानी सप्लाई की जानी है, लेकिन निर्माण के तुरंत बाद ही टँकी का लीकेज का दिखना बहुत ही गम्भीर है।



### 9 माह में बनना था, 3 साल बाद भी नहीं हो रहा उपयोग

इस बीच, आकड़ों पर गौर करें तो परपोड़ा का यह टँकी निर्माण करीब 09 माह में हो जाना था, जो आज 03 वर्ष बीत जाने के बावजूद उपयोग के लायक नहीं है। गाँव में पानी का उपयोग नहीं हो रहा है। वहीं, लगता है कि इसे लेकर संबंधित विभाग के अफसरों को कोई लेना-देना नहीं है। वहीं, अन्य इलाकों में भी कछुए की चाल से पानी टँकी बन रही है, जिस पर सवालिया निशान उठ रहा है। इसके अलावा गाँव-गाँव में पानी टँकी के पाइप लाइन का विस्तार के गड्ढे खोदकर बिना मरम्मत किए खुला छोड़ दिया गया है, जो स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों के लिए काफी परेशानी का कारण बन रहा है।

### राजमिस्त्रियों से काम बंद रखने का आह्वान

**बालोद/सिकोसा।** भारतीय मजदूर संघ के समस्त राजमिस्त्री का काम 1 अक्टूबर को कार्य बंद करने आह्वान किया गया है। बालोद जिला गौरैय्या राजमिस्त्री कल्याण संघ ईकाई गुण्डरदेही द्वारा अध्यक्ष शांति प्रकाश साहू, उपाध्यक्ष प्रेमु साहू, सचिव हरिराम साहू, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि विशेष बैठक सिकोसा बाजार चौक में रखी गई। भवन निर्माण का कार्य करने वाले राजमिस्त्री व श्रमिक विशेष रूप से शामिल होंगे। बैठक में राजमिस्त्रियों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाएगा। भारतीय मजदूर संघ के संबंध में राजमिस्त्री गठन किया गया है तथा कार्यकारिणी की घोषणा की गई है।


हरिभूमि

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### रविवि हॉस्टल अधीक्षक के खिलाफ छात्रों ने की शिकायत



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के हॉस्टल अधीक्षक के खिलाफ आजाद हॉस्टल के छात्रों ने लिखित शिकायत की है। मयंक वर्मा, अमन प्रधान तथा अन्य छात्रों ने रविवि की प्रिवेंस कमेटी के अध्यक्ष, सांसद तथा मंत्री सहित अन्य लोगों को भेजे गए पत्र में कहा है कि छात्रावास अधीक्षक एवं बायोटेक्निक विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कमलेश शुक्ला द्वारा छात्रों को विभिन्न तरीके से प्रताड़ित किया जाता है और विरोध पर कैरियर खत्म करने की धमकी दी जाती है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि अगर छात्रावास अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### एम्स में मनाया गया विश्व रेबीज डे

**रायपुर।** एम्स में शनिवार को विश्व रेबीज दिवस मनाया गया, जो रेबीज की रोकथाम और नियंत्रण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के वैश्विक प्रयासों का हिस्सा है। इस वर्ष के विश्व रेबीज दिवस का विषय 'रेबीज की सीमाओं को तोड़ना' है, जो वन हेल्थ दृष्टिकोण को उजागर करता है, जिसमें मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण क्षेत्रों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया गया है, ताकि रेबीज का मुकाबला किया जा सके। इस अवसर पर अस्पताल के ओपीडी पंजीकरण क्षेत्र में सामान्य चिकित्सा विभाग के संक्रामक रोग विभाग द्वारा एक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में रोग के बारे में लोगों की शंकाओं का समाधान करने के लिए प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. एली महापात्रा, डॉ. रेणु राजगुरु, डॉ. सरिता अग्रवाल, डॉ. विनय आर. पंडित शामिल थे।

### शनिदेव मंदिर कोटा में मनोकामना ज्योति 3 से

**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शनिदेव मंदिर मारुति लाइफस्टाइल के सामने मेनरोड कोटा में भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने के लिए नवग्रह शांति मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की जा रही है, जिसका पंजीयन भक्त मंदिर परिसर में करा सकते हैं। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि 3 से 11 अक्टूबर तक मनाई जाएगी। शनि पुजारी विकास शर्मा ने यह जानकारी दी।

### मां धूमावती सिद्धपीठ में ज्योति कलश स्थापना 3 को

**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मां धूमावती सिद्धपीठ द्वारा पुरानी बस्ती स्थित शीतला माता मंदिर में मां धूमावती आत्मकल्याण मनोकामना ज्योति कलश स्थापना व प्रज्ज्वलन 3 अक्टूबर को सुबह 11.36 बजे से 12.24 के मध्य शुभ मुहूर्त पर होगा। यह जानकारी मां धूमावती सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर महाराज नीरज सैनी पुजारी ने देते हुए बताया कि नवरात्रि पर्व पर मां धूमावती की साधना, भाराचना, उपासना के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सभी भक्त 3 अक्टूबर तक ज्योति कलश स्थापना करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि देवशयनकाल सृष्टिपालन कारिणी अंतिम उपाय मां धूमावती द्वारा कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, राहू-केतु, शनि सहित नवग्रह कुप्रभाव, कलह, दरिद्रता, दुर्भाग्य, अलक्ष्मी, रोग निवारण एवं सौभाग्य, सफलता, स्थायित्व, समृद्धि, न्याय, संतान जैसे मनवांछित फल प्राप्ति सहित आत्मकल्याण के लिए विशेष मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए जाएंगे।

### पोषण के प्रति माताओं को किया जागरूक

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने शनिवार को कालीबाड़ी सेक्टर के लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने पोषण जागरूक माह कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता करण खान और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुपरवाइजर विजया रायचौधरी रहे। इस दौरान बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। श्रीमती चौधरी ने बच्चों के पोषण के लिए माताओं को प्रेरित किया।

# एक माह के भीतर 84 बदमाशों का खुला गुंडा रजिस्टर, अब तक सूची में 97 शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

राजधानी सहित जिले में बढ़ते अपराध के ग्राफ को कम करने एसएसपी डॉ. संतोष सिंह के निर्देश पर सभी थानों की पुलिस गुंडे बदमाशों की नए सिरे से सूची तैयार करने लगी है। आठ महीने में पुलिस रिकार्ड में 97 नए गुंडा बदमाश शामिल किए गए हैं। उनमें से 84 नए गुंडा बदमाश एक महीना के भीतर शामिल किए गए हैं। इसके साथ ही पुलिस ने नए 19 गुंडा बदमाशों को निगरानी सूची में शामिल किया है। गौरतलब है कि राजधानी में पिछले कुछ समय से बदमाश अपनी सक्रियता का परिचय देते हुए कई गंभीर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पकड़े जाने तथा जेल से आने के बाद भी बदमाश पुलिस को चुनौती देते हुए आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए एसएसपी ने जिले के सभी थानों को नए गुंडा बदमाशों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए।

**हर सप्ताह जांच करने टार्गेट :** अपराध पर अंकुश लगाने एसएसपी ने सभी थानों को बदमाश तथा अड्डेबाजी करने वालों की जांच करने टार्गेट दिया है। साथ ही गुंडा बदमाशों की सूची में शामिल बदमाशों को जरूरत के हिसाब से थाना तलब कर उनसे अनिवार्य रूप से पूछताछ करने तथा निगरानी बदमाशों की नियमित जांच करने निर्देश दिए हैं।

## शहर की शांति भंग करने वाले बदमाशों की संख्या 697 पहुंची

### आदतन बदमाश निगरानी सूची में

पुलिस ने बदमाशों की जो निगरानी सूची तैयार कर 19 नए बदमाशों को शामिल किया है, उनमें से ज्यादातर बदमाश चोरी के आरोपी हैं, जो जेल से छूटने के बाद भी पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। निगरानी बदमाशों की सूची में चाकूबाजों को भी शामिल किया गया है।

### 11 बदमाश तड़ीपार 10 लाइन में

अपराध पर अंकुश लगाने पिछले आठ महीने में 11 बदमाशों को तड़ीपार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने 10 और बदमाशों की सूची तैयार कर तड़ीपार करने जिला दंडधिकारी के पास फाइल भेजी है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष पुलिस ने महज चार बदमाशों को तड़ीपार कराने में कामयाबी हासिल की थी।



फाइल फोटो

### लगातार कार्रवाई

अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। महिला संबंधी अपराध पर सख्ती से अंकुश लगाने निर्देश दिए गए हैं। निजात अभियान के तहत मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके चलते पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सभी तरह के अपराध में कमी दर्ज की गई है।

\- डॉ. संतोष सिंह, एसएसपी

**सियासत : छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा दूसरे दिन लवन से चलकर रोहांसी पहुंची**

# बैज बोले- न्याय यात्रा का मकसद प्रदेश को बचाना और शांति वापस लाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के दूसरे दिन का शुभांरभ कसडोल के सतनाम भवन से शुरू हुई। यात्रा के पूर्व पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने मां महामाया के मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश मे शांति और राज्य के नागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। दूसरे दिन की यात्रा के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा से छत्तीसगढ़ की जनता में एक नया संदेश जा रहा है। प्रदेश सरकार की नाकामियों को सामने लाने में हम सफल हो रहे हैं। हमारा मकसद प्रदेश को बचाना और प्रदेश को शांति की ओर वापस लाना है।

दूसरे दिन की यात्रा रवाना होने के पूर्व सेवादल के कार्यकर्ताओ ने झंडा वंदन किया तथा ध्वज गीत और राष्ट्र गीत, राष्ट्रगान का गायन किया। लवन खरतोरा मार्ग से होकर कुम्हारी पहुंची जहाँ दोपहर भोजन के बाद यात्रा रोहांसी पहुंची 23 किमी की यात्रा के बाद रात्रि विश्राम किया गया। यात्रा में 200 युवा कांग्रेस के नेता, 200 एनएसयूआई तथा 150 सेवादल के कार्यकर्ता, स्थाई यात्री के रूप में चल रहे है। प्रदेश भर के 1500 कांग्रेसी स्थाई यात्री के रूप में चल रहे, जो पूरे 6 दिन 130 किमी की यात्रा करेंगे। स्थानीय जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में यात्रा में शामिल हुए। दूसरे दिन की यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, विधायक संदीप साहू, शेषराज हरवंश, कविता प्राण लहरे, पूर्व विधायक शैलेष पांडे, यूडी मिंज, गुलाब कमरो, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महेन्द्र छाबड़ा, पारसनाथ राजवाडे, शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेन्द्र शर्मा, जिला अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, महामंत्री दीपक मिश्रा, पंकज शर्मा, प्रमोद तिवारी, विद्याभूषण शुक्ला, पीआर खुंटे, अरूण ताम्रकार, आकाश शर्मा, नीरज पांडेय, अशोक राज आहूजा, धर्मेन्द्र यादव, सकलेन कामदार, पूर्णचंद पाढ़ी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता शामिल हुये।

### गृह जिला संभल नहीं रहा, प्रदेश क्या संभालेंगे- बैज

दूसरे दिन की यात्रा के दौरान संवाददाताओं से चर्चा में श्री बैज ने कहा, 9 महीने की भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ को बर्बाद कर दिया, अपराध का गढ़ बना दिया है। हमारी न्याय यात्रा का मकसद है कि अपराध रूक नहीं रहा, लेकिन कवर्धा में पिछले सप्ताह तीन साहू समाज के बेटों की हत्या हुई उस घटना को सरकार रोक सकती थी। आज एक साहू बेटे की फिर हत्या होती है और एक गंभीर रूप से घायल है, इस तरह पूरा कवर्धा जल रहा है। गृह मंत्री का गृह जिला है, विधानसभा है वो संभल नहीं रहा है तो क्या प्रदेश संभालेंगे?

### भूपेश आज शामिल होंगे

छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को शामिल होंगे। वे खल्लारी ब्लॉक से न्याय यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा के बाद वे वापस लौटेंगे। श्री बघेल दो दिन के दिल्ली प्रवास से आज शाम लौट आए। वहीं यात्रा जिस रूट से गुजर रही है वहां का पूरा फीडबैक लिया जा रहा है।

**श्रीवास्तव ने कहा**

# अध्यक्ष दीपक बैज पदयात्रा नहीं पद बचाने की यात्रा निकाल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, पिछले पांच वर्षों से छत्तीसगढ़ को अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का गढ़ बनाने वाली कांग्रेस को प्रदेश की जनता को विष्णुदेव सरकार की योजनाओं से मिल रही विभिन्न योजनाओं के लाभ से पीड़ा होने लगी है। कांग्रेस पार्टी मुद्दाविहीन हो चुकी है और इसी के चलते न्याय यात्रा के नाम पर फिर से भ्रमजाल बुनकर जनता को भरमाने की कोशिश कर रही है, लेकिन प्रदेश की जनता कांग्रेस के फैलाने वाले भ्रमजाल को भलीभांति समझ चुकी है कि मुद्दाविहीन कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पदयात्रा नहीं पद बचाने की यात्रा निकाल रहे। इसके चलते कांग्रेस की न्याय यात्रा में कोई भी शामिल होने के लिए रुचि नहीं दिखा रहा है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस पहले अपने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के साथ न्याय करे। कहने को तो बैज कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हैं, लेकिन कांग्रेस में भूपेश बघेल के इशारों पर काम होता है। कुछ दिन पहले कांग्रेस ने विधानसभा घेराव करने के लिए आंदोलन किया था, लेकिन उस आंदोलन को जनता ने नकार दिया वहीं कांग्रेस के नेताओं ने अपनी छवि चमकाने के लिए पुलिस के साथ जानबूझकर बदसलूकी की। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस शासनकाल में पिछले पांच वर्षों में जो आपराधिक घटनाएं घटी वहीं किसी से छुपी नहीं है। छत्तीसगढ़ को लुटने के लिए भूपेश बघेल की तत्कालीन सरकार ने बड़े-बड़े घोटाले कर डाले।

### 'शरण में तुम्हारी' किताब का विमोचन 2 को

रायपुर। सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 2 अक्टूबर को कवि राजेश जैन राही के नए काव्य संग्रह शरण में तुम्हारी का विमोचन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक भजन समितियों का सम्मान भी किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर प्रख्यात संगीतकार गायक डॉ. चितरंजन कर का भक्तिगीत गायन और एक भक्तिगीत के वीडियो का प्रस्तुतिकरण भी होगा। जिसमें स्वर रायपुर की युवा गायिका अंजनी अग्रवाल ने दिया है। कृति 'शरण में तुम्हारी' का प्रकाशन प्रतिष्ठित श्वेतवर्णा प्रकाशन दिल्ली ने किया है। कृति में 51 मनभावन भक्ति गीत हैं। भूमिका रायबरेली के वरिष्ठ साहित्यकार रामबाबू रस्तोगी ने लिखी है और प्रख्यात कवि डॉ. मानिक विश्वकर्मा 'नवरंग' ने अपने कीमती विचारों से प्रतिष्ठित किया है।

## उद्योग विभाग में 26 कर्मचारियों की पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उद्योग विभाग में 26 अफसरों के पदोन्नति के आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश में जिन पदों के लिए पदोन्नति की है, उनमें महाप्रबंधक से मुख्य महाप्रबंधक, सहायक प्रबंधक से प्रबंधक और सहायक संचालक से उप संचालक के पद पर पदोन्नत किया गया है। जारी आदेश में चिंता राम टेकाम महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र बालोद को मुख्य महाप्रबंधक सीएसआईडीसी रायपुर, संजय राणे उप संचालक उद्योग संचालनालय को मुख्य महाप्रबंधक सीएसआईडीसी रायपुर और ख्रिस्तोफर केरकेटटा प्रभारी उप मुख्य महाप्रबंधक उद्योग केंद्र रायपुर को मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र रायपुर में पदस्थ किया गया है। वहीं ए श्रीधर राव सहायक प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र बिलासपुर को प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बिलासपुर, मीनेश कुमार पटेल सहायक प्रबंधक उद्योग संचालनालय रायपुर को प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रायपुर और कुलेश्वर कुमार उईके सहायक प्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केंद्र रायपुर को प्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र रायपुर पदस्थ किया गया है। वहीं 20 सहायक संचालक को उप संचालक के पद पर पदोन्नत कर नई पदस्थापना जारी की गई है।

## गृहमंत्री से नहीं संभल रही राज्य में कानून व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में जब से भाजपा की सरकार बनी है, छत्तीसगढ़ का हर नागरिक असुरक्षित है। हर रोज हो रहीं हत्याओं, बलात्कार, लूट, डकैती और चाकूबाजी की घटनाओं से प्रदेश में भय का माहौल बन गया है। पुलिस के सामने एक आदमी को उसके घर में जिंदा जला दिया जाता है, पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। पुलिस कस्टडी में ग्रामीण की मौत हो जाती है, कवर्धा के लोहारडीह में हत्या हो जाती है। बालोद में 7 साल की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म हो जाता है, राज्य में कलेक्टर, एसपी कार्यालय जलाए जा रहे हैं, राजधानी के बस स्टैण्ड में महिला के साथ सामूहिक बलात्कार हो जाता है, भिलाई के स्कूल में 4 वर्षीय बच्ची के साथ दुराचार होता है, बलरामपुर में व्यापारी से 5 करोड़ की लूट हो जाती है, राजधानी में अंतर्राष्ट्रीय गैंगस्टर गोलियां चलाते है, राजधानी में अपराधी खुले घूम रहे हैं, तेलीबांधा मरीन ड्राइव 22-23 सितंबर की दरमियानी रात एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी जाती है, कानून व्यवस्था पर पुलिस, सरकार नाकाम साबित हो रही है।

# किसान नेता बोले- यह फैसला सिर्फ एक गांव नहीं, नवा रायपुर में भूमि अधिग्रहण मामलों के लिए महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नवा रायपुर प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट की डिवीजन बेंच ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए किसानों के हित में निर्णय लिया है। नई राजधानी प्रभावित किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष रूपन चंद्राकर ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा, यह फैसला सिर्फ एक गांव के लिए नहीं, बल्कि नवा रायपुर में भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों के लिए महत्वपूर्ण है।

अब 75 प्रतिशत भू-स्वामी किसानों की सहमति पर ही भूमि अधिग्रहण किया जा सकेगा। किसी स्थिति में अब नए कानून के तहत किसानों की सहमति में कमी हुई, तो भूमि अधिग्रहण करना मुश्किल होगा। ये फैसला न केवल किसानों के अधिकारों को संरक्षित करता है, बल्कि नवा रायपुर परियोजना की दिशा और गति को भी प्रभावित कर सकता है। नई राजधानी प्रभावित किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष

**यह है पूरा मामला :** पूरा मामला भू अर्जन अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं होने को लेकर है। नया रायपुर के विकास के लिए 21 मार्च 2013 को 128.39 एकड़ जमीन अधिग्रहण के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। इसके तहत कुलदीप, लखेश्वर प्रसाद सहित 127 किसानों की जमीन अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस बीच 1 जनवरी 2014 से जमीन अधिग्रहण के लिए भू अर्जन में पारदर्शिता और उचित मुआवजे का अधिकार अधिनियम 2013 लागू हो गया। किसानों ने पुराने अधिनियम के प्रावधानों के मुताबिक की गई जमीन अधिग्रहण और मुआवजे की पूरी प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की थी। नए अधिनियम के तहत 12 माह के भीतर मुआवजे की राशि दी जानी थी।

- **हाईकोर्ट के माध्यम से ही निकलेगा किसानों की समस्याओं का समाधान- रूपन चंद्राकर**

रूपन चंद्राकर ने बताया कि यह मामला ग्राम रीको के 127 किसानों का है, जिस पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है।

नवा रायपुर में के सेक्टर-5 में यह जमीन है। यहां कुल 128.40 हेक्टेयर जमीन है, जिस पर निर्माण कार्य नहीं हुआ है। यह जमीन एनआरडीए ने औद्योगिक प्रयोजन के लिए रखी है। यहां पर केवल 3 किसानों ने मुआवजा लिया था। किसानों को 18.30 लाख एकड़ के हिसाब से मुआवजा मिलना था। यहां के किसानों ने मार्च 2013 में एनआरडीए के अधिग्रहण के विरोध में मार्च 2014 में प्रकरण दायर किया था। 27 नवंबर 2018 को सिंगल बेंच ने किसानों के पक्ष में निर्णय दिया। निर्णय खिलाफ एनआरडीए ने 2019 में हाईकोर्ट के डबल बेंच में अपील की थी। 26 सितंबर को डिवीजन बेंच ने एनआरडीए की अपील को खारिज कर दिया।

### 96 याचिकाएं कोर्ट में लगीं

श्री चंद्राकर ने बताया कि किसानों ने एनआरडीए के भूमि अधिग्रहण के मामले में कोर्ट में कुल 96 याचिकाएं दायर की है। इनमें से एक याचिका में लगभग 6000 किसानों ने लगाया है। मामले की सुनवाई 30 सितंबर को हाई कोर्ट में है। किसानों को नए पुर्नवास एक्ट का फायदा मिलना था वह नहीं मिला। उन्होंने बताया कि किसानों ने एनआरडीए से लगातार मांग रखी, लेकिन कोई समझौता नहीं हो पाया। किसानों ने मांग की थी कि लेयर एक में जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई, उन्होंने लेयर-2 और 3 में जमीन की मांग की थी, लेकिन इस पर कोई समझौता नहीं हो पाया। किसानों ने कमल विहार की तर्ज पर भी समझौता प्रस्ताव रखा लेकिन एनआरडीए तैयार नहीं हुआ। अब हाई कोर्ट के फैसले के बाद एनआरडीए को किसानों से समझौता करना ही होगा।

**कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग ने एफआईआर दर्ज कराने जारी किया आदेश**

# दुकान में चावल-शक्कर एवं नमक का शॉर्टेज, नोटिस के बाद भी भरपाई नहीं की, 6 संचालकों पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



जिले के 6 राशन दुकान के संचालकों के खिलाफ अब एफआईआर दर्ज होगी। इन सभी संचालकों की दुकानों में सवा दो साल पहले आवंटन की तुलना में भारी मात्रा में चावल के अलावा शक्कर एवं नमक का शॉर्टेज पाया गया था। इन सभी संचालकों को नोटिस जारी कर शॉर्टेज खाद्यान्न के बदले राशि जमा करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद भी इनके द्वारा शॉर्टेज खाद्यान्न की भरपाई नहीं की गई, जिसके बाद इन सभी दुकानों को आरआरसी जारी कर संपत्ति कुर्की का आदेश जारी किया गया था, लेकिन इस आदेश के बाद भी अब तक इन दुकानों से रिकवरी नहीं की गई है। खाद्य विभाग ने अब कलेक्टर के निर्देश पर इन दुकानों के संचालकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का आदेश जारी किया है।

**3 दिन के भीतर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश:** खाद्य विभाग ने इन सभी दुकानों के संचालकों के विरुद्ध तीन दिन के भीतर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए है। यह आदेश 27 सितंबर को जारी किया गया है। 28 एवं 29 सितंबर को अवकाश के कारण अब तक किसी भी संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हो पाया है। संभावना जताई जा रही है कि सोमवार को सरकारी दफ्तर खुलते ही संचालकों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराया जाएगा।

### इन दुकान संचालकों पर होगी एफआईआर

जिन 6 दुकानों के संचालकों पर एफआईआर होना है। उनमें क्रमशः जय हिंद प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार रायपुर आईडी क्रमांक-401001080, ग्राम पंचायत गुखेरा आरंग आईडी 442003058, ग्राम पंचायत छटेरा आरंग आईडी 442003054, ग्राम पंचायत बड़गांव आरंग आईडी 442003113, ग्राम पंचायत भलेरा आरंग आईडी 442003060 एवं ग्राम पंचायत मांठ तिल्दा आईडी 442004042 शामिल है।

### अन्य दुकान संचालकों पर भी एफआईआर कराएंगे

शॉर्टेज खाद्यान्न की रिकवरी करने के लिए दुकान संचालकों को कई बार नोटिस जारी किए। इसके बाद आरआरसी जारी किया। इसके बाद भी संचालकों द्वारा शॉर्टेज खाद्यान्न के बदले राशि लौटा नहीं रहे हैं। 6 संचालकों के खिलाफ एफआईआर कराने आदेश जारी किया है। इसके बाद अन्य संचालकों के खिलाफ भी केस दर्ज कराएंगे।

\-भूपेंद्र मिश्रा,
जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

# आर्मी के शौर्य का प्रदर्शन सोशल मीडिया के माध्यम से दिखाएंगे इंफ्लुएंसर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

साइंस कॉलेज मैदान पर 5 एवं 6 अक्टूबर को नो योर आर्मी मेले में आर्मी के शौर्य का प्रदर्शन होगा। इस प्रदर्शन को इंफ्लुएंसर के माध्यम से सोशल मीडिया में भी देखने को मिलेगा।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रायपुर के इंफ्लुएंसर से चर्चा करते हुए सेन्य प्रदर्शन मेले को सफल बनाने अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया। कलेक्टर ने इंफ्लुएंसर से सुझाव भी मांगे। कलेक्टर ने बताया कि इस अवसर पर स्कूलों में आर्मी थीम पर क्विंज एवं आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न नवाचारों के माध्यम से आर्मी मेले का प्रचार-प्रसार कर युवाओं को दिखाए जाएंगे। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, स्मार्ट सिटी के सीओ उज्जवल पोरवार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# साइंस कॉलेज का अधूरा ऑडिटोरियम होगा पूरा, मिली आठ करोड़ रूपए की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

साइंस कॉलेज कैम्पस में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य अब पूरा हो जाएगा। विधायक गजेन्द्र यादव की मांग पर कल ही मुख्यमंत्री ने स्वीकृति का उन्हें आश्वासन दिया था। लेकिन दूसरे ही दिन आडिटोरियम के लिए सीएम के निर्देश पर वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने करीब आठ करोड 96 लाख रूपए की राशि जारी कर दी है। इस राशि के मिलने के बाद आडिटोरियम का अधूरा निर्माण पूरा हो जाएगा।

साइंस कालेज में निर्माणाधीन आडिटोरियम वर्ष 2021 तक बन जाना था। लेकिन इसे अब तक पूरा नही किया गया था। पिछली सरकार ने भी इस अधूरे निर्माण को पूरा करने राशि जारी नही की थी। जबकि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा राशि कम पडने के चलते नए सिरे से स्टीमेट बनाकर भेजा गया था। अब तक इस आडिटोरियम में करीब चौदह करोड रूपए खर्च किए जा चुके है। हांलाकि बाद में स्टीमेट में बदलने के कारण राशि कम पड गई और निर्माण भी अधूरा रह गया था। बहरहाल विधायक गजेन्द्र यादव की मांग पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा राशि जारी कर कालेज प्रबंधन सहित नगारिकों को बडी राहत दी है। उल्लेखनीय है कि, पुनः शुरू होगा। शहर विधायक गजेंद्र यादव की पहल से कॉलेज को साउंड प्रूफ एवं आधुनिक ऑडिटोरियम की सौगात मिल जाएगी। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने शासन से पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति लोक निर्माण विभाग के सचिव द्वारा पत्र भी जारी कर दिया गया है।

## विधायक गजेन्द्र यादव की मांग पर वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने जारी की राशि

### वित्तमंत्री को विधायक ने सौंपा था पत्र

शा. विश्वनाथ यादव तमास्कर स्नातकोत्तर कॉलेज कैंपस में दुर्ग शहर के अलावा जिलेभर से विद्यार्थी विभिन्न संकाय में पढ़ने आते है। कॉलेज प्रबंधन की मांग पर तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह सरकार ने ऑडिटोरियम निर्माण हेतु राशि बजट में स्वीकृति दिए थे और निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया था। लेकिन 2018 में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही राशि को रोक दिए जाने से ऑडिटोरियम निर्माण बीते पांच साल से रुका हुआ है। विधायक श्री यादव ने पीडब्लूडी के अधिकारियो का रिपोर्ट लेकर मांग पत्र तैयार कराये और 14 अगस्त को प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चैधरी के दुर्ग आगमन पर मांग पत्र सौंपा था।

### ऑडिटोरियम में मिलेगी ऐसी सुविधा

शा. विश्वनाथ यादव तमास्कर स्नातकोत्तर कॉलेज कैंपस में बनने वाले 750 सीटर ऑडिटोरियम पुरी तरह से साउंड प्रूफ होगा। 6722 स्क्वेयर मीटर क्षेत्रफल में निर्माण होगा जिसमें 225 स्क्वेयर मीटर स्टेज, 860 स्क्वेयर मीटर का हॉल, बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु चेंजिंग रूम, वेटिंग एरिया, डबल हाईट में लॉबी, अति विशिष्ट अतिथियों के आगमन हेतु वीआईपी एरिया, विद्यार्थियों के ट्रेनिंग हेतु मीटिंग हॉल, एलईडी प्रोजेक्टर, वायरलेस साउंड सिस्टम, पार्किंग एरिया व प्रवेश द्वार होगा।

### जल्द पूरा होगा



पूर्व की सरकार द्वारा फंड नहीं देने से साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम निर्माण अधूरा था, जिसे पूरा करने हेतु हमारी मांग पर वित्तमंत्री से पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। अब जल्द ही ऑडिटोरियम का अधूरा काम पूरा होगा।
**-गजेन्द्र यादव,** विधायक दुर्ग शहर

## खबर संक्षेप



### भगत सिंह का 117वां जन्मदिन मनाया

दुर्ग। 28 सितंबर को युवा संघर्ष समिति द्वारा महान क्रांतिकारी शहीद ए आजम भगत सिंह का 117 वां जन्म दिवस राजेंद्र पार्क चौक में मनाया गया। जिला अध्यक्ष दिनेश चौरे ने बताया कि भगत सिंह एक क्रान्तिकारी थे जिन्होंने युवाओं के लिए एक ऐसी विचारधारा छोड़ी है जिसका मूल प्रश्न करना है, तर्क करना है और रुढ़िवादी परंपरा का नाश करना है। कार्यक्रम में करन गुप्ता, तुकेश मानिकपुरी, देवव्रत चांदू, महिलांगे, ओम उपाधाय, रिंकू, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे ।

### शिविर में किया गया 13 यूनिट रक्तदान



दुर्ग। हिन्दू युवा मंच द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्दू युवा मंच से गोविंद राज नायडू, शिबू सोनी, जय देवांगन, राज गुप्ता, राजा देवांगन, संतोष मिश्रा, नीरज देवांगन, तरूण देवांगन सहित अन्य कार्यकताओं ने रक्तदान रक्तदान किया। शिविर में 13 यूनिट रक्त दिया गया। मौके पर ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण अग्रवाल, डॉ निशिका राठी, नर्स तरूणा रावत सहित स्टाफ मौजूद थे।

### सामान्य सभा की बैठक 30 को

दुर्ग। जिपं. के सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में 30 सितम्बर दोपहर एक बजे आयोजित की गई है। कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन एवं पर्यावरण विभाग एवं अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

### अनिल बने नगर निगम के अधिवक्ता

दुर्ग। जिला अधिवक्ता संघ के 4 बार के कोषाध्यक्ष एवं शहर के विभिन्न संगठनों से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल जायसवाल को ननि दुर्ग ने पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष नीता जैन, सचिव रविशंकर सिंह का आभार जताया है। उनकी नियुक्ति पर वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार तिवारी, प्रशांत जोशी, राकेश यादव, प्रकाश शर्मा सहित अन्य अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।



## तैयारी : इस बार सवा लाख हेक्टेयर से अधिक में होगी धान की पैदावारी

# खरीदी के पहले पहुंचा 96 लाख बारदाना, नहीं होगी किल्लत

### धान खरीदी पंजीयन की चल रही प्रक्रिया, नए किसान भी जुड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इस बार धान खरीदी के पहले ही जिले में पर्याप्त बारदाना पहुंच गया है। जूट कमिश्नर विभाग द्वारा जिले में 96 लाख बीस हजार बारदाने का लाट भेज दिया गया है, इसके आलावा करीब 45 लाख बारदाना मिलरों से लिए जाने के बाद जिले में 56 लाख क्विंटल से अधिक की धान खरीदी हो सकती है। बहरहाल मिलरों से पिछले साल का बारदाने को जिला प्रशासन द्वारा जमा नही कराया गया है।

बहरहाल जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी की तैयारियां शुरू कर दी गई है। आगामी तीस सितंबर को धान खरीदी नीति को लेकर राज्य स्तर पर बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में खरीदी से संबंधित निर्णय लिए जा सकते हैं। उल्लेखनीय हैं कि, पिछले साल जिले में 58 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। इस बार खरीदी का टारगेट बढ सकता है। वर्तमान में मार्कफेड के पास जूट कमिश्नर द्वारा 96 लाख बीस हजार नग नए बारदाने भेजे गए है, वही मिलरों से 45 लाख बारदाना लेने के बाद जिले में किल्लत की स्थिति नही होगी। वही पीडीएस का भी बारदाना मिलने से समस्या दूर हो जाएगी। ऐसे में किसानों को भी भरपूर बारदाना सोसायटी से उपलब्ध कराया जाएगा। इससे पहले धान खरीदी में बारदाने की किल्लत के चलते राज्य शासन को किसान और राईस मिलर और पीडीएस की दुकानों से बारदाना खरीदना पडा था। लेकिन इस बार धान खरीदी के पहले ही राज्य स्तर से जूट कमिश्नर द्वारा नए बारदाने भेज दिए गए है।

**खास बातें**

- धान खरीदी को लेकर तीस को बैठक में निर्णय
- बारदाना का पर्याप्त स्टाक मिलने से मिलेगी राहत
- मिलरों ने नही दिया अब तक पुराना बारदाना



### पांच लाख क्विंटल अधिक की पिछले साल खरीदी

पिछले साल राज्य शासन द्वारा पंजीकृत 110762 किसानो में 105778 से करीब 58 लाख 7332 क्विंटल खरीदी गई थी। जबकि टारगेट 52 लाख 14630 क्विंटल का था। इस तरह जिले के किसानों ने 113165 हेक्टेयर में धान बेचा था, करीब 93 रकबे पर धान बेचा था। इस बार भी करीब पांच हजार हेक्टेयर की बढोत्तरी हुई हैं। जिसके अनुसार खरीदी ज्यादा होगी। आगामी तीस सितंबर को बैठक में नीति बनने के बाद सोसायटी स्तर पर तैयारियां जोर पकडेगी।

### सोसायटी कर्मचारियों की चल रही जिलेभर में हड़ताल

आगामी दिनों धान की खरीदी सोसायटी कर्मचारियों के नाराजगी की भेंट चढ सकती है। वर्तमान में सोसायटी के कर्मचारी वेतन नही मिलने से परेशान है। इसके आलावा धान खरीदी की कमीशन राशि और बीमा की कमीशन राशि भी सोसायटियों को जारी नही की गई हैं। इस बार डीडाभांठा में उपार्जन केन्द्र खोलने के लिए आवेदन आया हैं। जिसे कलेक्टर को भेजा गया है। बहरहाल जिले में 102 उपार्जन केन्द्र के जरिए किसानों से धान खरीदी होती है। पिछले साल भी करीब चार उपार्जन केन्द्र बढाए गए थे।

### बारदाने मिले

जूट कमिश्नर से जिले के लिए नए बारदाने भेजे गए है। वही मिलर और पीडीएस के बारदाने मिलने के बाद समस्या नही होगी।
**-भौमिक बघेल,** डीएमओ, दुर्ग

# छात्रों ने गिनाई प्राचार्य को कॉलेज की समस्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय जिला में एनएसयूआई के छात्रों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उनके द्वारा सात सूत्रीय समस्या का तत्काल निराकरण किए जाने की मांग की गई।

- प्राचार्य से तत्काल समस्या दूर करने रखी मांग

प्रदेश महासचिव आदित्य नारंग के नेतृत्व में सात सुत्रीय मांगों को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि, छात्रा-छात्राओं को आईडी कार्ड के वितरण जल्द करने, महाविद्यालय में पानी की समस्या का निवारण, महाविद्यालय में पार्किंग की व्यवस्था सुचारू रूप से करने तथा सी.सी.टी.वी कैमरा महाविद्यालय परिसर में लगाने की मांग छात्रों ने की है। इसके आलावा सभी कक्षाएँ सुचारु रूप से नियमित संचालित करने तथा पीजीडीसीए के कक्षा में कम्प्युटर की उचित व्यवस्था, नये भवन में बाँड्रीवॉल एव वॉशरूम का निर्माण की मांग की हैं। गर्ल्स कॉमन रूम एवं बॉयज कॉमन रूम में पानी कि व्यवस्था की एवं साफ-सफाई कि जायें। कॉलेज के मेन गेट में ऑटो ई-रिक्शा से आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है एवं गति अवरोधक का निर्माण की मांग रखी है। प्राचार्य ने छात्राओ की परेशानियो को देखते हुए जल्द से जल्द समस्या दूर करने का आश्वासन दिया हैं। ज्ञापन सौंपने वाले में मुख्य रूप से मुरली डडसेना, साहिल टंडन, नवीन खुटियारे, चंद्रशेखर बारले, सार्थक, तोमेश साहू, हर्ष जांगड़े, लेखराज साहू, योगेश, छाया, लक्षिता, खिलेश्वरी, मनीष, तुषार सोनकर, यश ध्रुव, स्वयं सुरसे एवं गीतेश कुमार साहू उपस्थित थे।

### प्रशिक्षण के लिए 3 तक आवेदन

दुर्ग। अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक युवतियों को प्रधानमंत्री अभ्युदया योजना अंतर्गत कौशल विकास के माध्यम से विभिन्न ट्रेडों में कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र रसमड़ा दुर्ग के माध्यम से निःशुल्क दिया जाएगा।

# जिलास्तरीय स्वच्छता संवाद में 90 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



जिला पंचायत सभागार में स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला स्तर से विभिन्न विभागों स्वास्थ्य विभाग, पीएचई,

- स्वच्छता की ली शपथ

जल संसाधन विभाग, सरपंच, सचिव, एनआरएलएम के प्रतिनिधियों एवं जनपद पंचायत स्तर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20-20 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, पंच, स्वच्छाग्राहियों कुल 90 प्रतिभागियों द्वारा हिस्सा लिया गया। स्वच्छता ही सेवा 2024 की थीम स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वाटरएड संस्था द्वारा विगत 05 वर्षों से जिला दुर्ग में किये गये कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई। स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत ग्राम पंचायतों में की जा रही गतिविधियों में मुख्यतः जनभागीदारी को बढ़ाने पर संवाद किया गया। शाला के बच्चों को स्वच्छता आधारित निबंध, भाषण पेंटिंग, वाद विवाद, खेल-कूद आदि गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक करना एवं प्रत्येक शाला में बाल सदन का गठन करने की बात रखी गई।
स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाजारों में बाहर मिलने वाली खाद्य सामग्री को असुरक्षित बताते हुए घर के बने हुए खाने का ही प्राथमिकता देने की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता शिविर के माध्यम से ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच एवं निःशुल्क दवा वितरण का कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में स्वच्छाग्रही दीदीयों द्वारा गावों में कचरा एकत्रीकरण कर गांव को स्वच्छ बनाने में दिए जा रहे योगदान में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक गिरीश माथुरे द्वारा किया गया।

## सरकार की कृषि नीति, कार्यक्रम और योजनाओं पर होगी चर्चा

# धमधा के लिटिया में किसानों का होगा महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा हर साल प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत का आयोजन किया जाता है। इस साल भी किसान

- अक्टूबर माह में बड़ी सभा की तैयारी में जुटे किसान

महापंचायत का आयोजन करने पर विचार करने के लिए संगठन के दुर्ग जिले की बैठक नगपुरा में रखी गई थी। बैठक में 20 अक्टूबर को धमधा ब्लाक के लिटिया में कार्यक्रमों पर प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक के दौरान किसानों ने आरोप लगाया हैं कि, बाढ़ से फसलों को हुई क्षति के लिए राहत राशि देने से बचने के लिए क्षति कम दर्शाई गई है। विगत दिनों शिवनाथ नदी और सहायक नदी नालों में बाढ़ में कारण खेतों में कई दिनों तक पानी भरा हुआ था। आमनेर सहित सहायक नदी नालों के आसपास के गांव में धान और उद्यानिकी फसलों को 50 प्रतिशत से अधिक क्षति हुई है, सिलि, परसुली, तुमा, गाड़ाघाट आदि गांवों में 100 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। आरबीसी 6-4 में 33 फीसदी से अधिक क्षति होने पर राहत राशि देने का प्रावधान है, इससे बचने के लिए शासन के निर्देश पर क्षति को 33 प्रतिशत से कम दर्शाई गई है।



### धान की खरीद 4 नवंबर से शुरू करें

किसान संगठन की बैठक में 1 नवम्बर को दीवाली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए धान की सरकारी खरीद 4 नवम्बर से शुरू करने की मांग की है। कंगना रनौत को गिरफ्तार करने और भाजपा से बर्खास्त करने की मांग की गई। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन की नगपुरा बैठक में मालूद, बेलौदी, नगपुरा, बोरई, खुर्सीडीह, टेकापार, हसदा, अंजोरा, डोमा, सिलतरा, फुंड़ा आदि गांवों से नकुल वर्मा, ओंकार साहू, कांतिलाल देशमुख, नरेन्द्र साहू, परमानंद यादव, आदि उपस्थित थे।

## पेज 7 के शेष

### मरीज व डॉक्टर के बीच विवाद...

के बयान के अनुसार अस्पताल में एन्टी रैबीज इंजेक्शन नहीं होने की बात कहते हुए डॉक्टर अजीत कुमार नायक ने उन्हें जिला अस्पताल बेमेतरा जाने की सलाह दी। इसी बात को लेकर मरीज व डॉक्टर के बीच कहा-सुनी हो गई, जो मारपीट तक पहुँच गयी।उक्त घटना की भनक लगते ही ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में इकट्ठा होना शुरू कर दिया। उसके बाद अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ खूब नारेबाजी की। उसके बाद थाने का भी घेराव कर दिया।

**विधायक, सांसद से लेकर सीएम हाउस तक फोन की घंटी:** इस बीच थाना प्रभारी राजकुमार साहू ने मौके को भांपते हुए पुलिस के आला अधिकारियों को इसकी सूचना दी। तब तक सत्ता पक्ष के लोग भी पीड़ित के पक्ष में थाना पहुंचकर पुलिस प्रशासन पर दलाली का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा कर दिया। देर रात एएसपी मनोज कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू, एसडीएम व तहसीलदार ने अस्पताल पहुँचकर सीसीटीवी फूटेज देखकर डाक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने आदेशित किया। शनिवार शाम 6 बजे की घटना रात करीब 12 बजे तक काफी हाईप्रफाईल ड्रामा चला। खबर है कि दुर्ग सांसद, साजा विधायक व मुख्यमंत्री निवास तक नेताओं ने फोन की घंटी घनघनाई, तब जाकर डॉक्टर के विरूद्ध अपराध पंजीबध्द किया गया।

### जब तक प्लांट बंद ...

**कांग्रेस ने दिया समर्थन, कलेक्टर से की फैक्ट्री बंद कराने की मांग :** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंसी पटेल ने कलेक्टर से एथेनॉल प्लांट बंद कराने की किसानों की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि ग्राम रांका और पथर्रा सहित आसपास के तीस पैंतीस गांवों के किसान और महिलाएं एथेनॉल प्लांट नहीं खोलने के लिए निरंतर गुहार लगा रहे हैं। ग्राम भैंसा में संचालित एथेनाल प्लांट की बदबू से आस पास क्षेत्र के लोग गंभीर रूप से परेशान है। इसको देखते हुए ग्रामीण आबादी के आस पास बदबूदार प्लांट लगाना गलत होगा। उद्योग पति द्वारा दादागिरी से ग्रामीण सड़क का औद्योगिक सड़क के रूप में उपयोग किया जा रहा है,जिससे ग्रामीण जनता में आक्रोश है। 28 सितंबर को पथर्रा बायो टेक का मालिक रोहित सचदेवा द्वारा महिलाओं पर तंज कसने की घटना और महिलाओं का वीडियो बनाकर उनको भड़काने का प्रयास करना बेहद निंदनीय है। सभ्य समाज में ऐसे कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है। विधायक के आव्हान पर आहूत धरना प्रदर्शन में ऐसी हरकत निंदनीय है और गंभीर चिंता का विषय है। ग्रामीण किसान जनता को धरना प्रदर्शन के लिए विधायक द्वारा उकसा कर विधायक का गायब हो जाना और भी ज्यादा गंभीर मामला है। विधानसभा चुनाव के समय विधायक ने अपने घोषणा पत्र में इन प्लांट को नहीं खुलने देने की घोषणा की है। अब वो अपने वायदे से मुकर नहीं सकते। दीपेश साहू को स्वयं प्रतिदिन धरना स्थल पर आकर स्थिति को संभालना चाहिए।जनता को उकसा कर असहाय छोड़ देना विधायक के गैर जिम्मेदाराना रवैए को दर्शाता है, जिसकी कांग्रेस पार्टी निंदा करती है। रांका में बच्चों के खेल मैदान को एक तरफा उद्योग पति को देने की आपकी कार्य शैली अस्वीकार है। जिस तरह इन फैक्ट्री मालिक द्वारा बाहर से आसामाजिक तत्वों को लाकर रखा जा रहा है और पुलिस उनका वेरिफेकेशन नही कर रही वो भी क्षेत्र की शांति व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। पत्र में कहा कि विगत दिन रांका में इन आसामाजिक तत्वों द्वारा स्कूली बच्चियों से छेड़छाड़ और पथर्रा में फैक्टरी कर्मचारी द्वारा शराब तस्करी का मामले को प्रशासन द्वारा नजर अंदाज करने से प्रशासन की भूमिका संदिग्ध प्रतित होती है। कंपनी प्रबंधन द्वार बाउंसर के नाम पर लठैत लाकर रखा जा रहा है और प्रशासन इन्हे मौन सहमति दे रहा है,जो चिंता का विषय है। आपके द्वारा किसान प्रतिनिधियों से जांच कमेटी बना कर जांच करने की बात कही गई है, दस दिनों बाद भी जांच कमेटी का गठन नहीं होना प्रशासन के लचर व्यवस्था और किसानो की उपेक्षा और फैक्ट्री प्रबंधन के हित में कार्य करने की ओर इशारा करता है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है की शासन प्रशासन तत्काल इन सब पर संज्ञान ले कर फैक्ट्री को बंद करने की कार्यवाही करे। अगर किसानों की जायज मांगों को शासन प्रशासन अनसुना कर उनके प्रति उपेक्षित रवैया अपनाता है, तो किसानो के हित के लिए कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतर कर किसानो की लड़ाई लड़ने बाध्य होगी।

### किसानों को बताई ....

उपलब्ध संसाधन की उपयुक्तता के आधार पर को अपनाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन केवीके बेमेतरा के डॉ. जितेन्द्र कुमार जोशी एवं डॉ. लव कुमार के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में जानकारी दी कि पाली हाउस या हाईटेक नर्सरी की स्थापना करके सब्जियों की नर्सरी पौध सामग्री का उत्पादन कार्य भी एक लाभप्रद व्यवसाय है, क्योंकि बेमेतरा जिला में वर्तमान में वर्षभर विभिन्न सब्जी वर्गीय फसलों की खेती 19 हजार से अधिक रकबें में की जाती है। ऐसे कृषक जो कृषि भूमिहीन है वे कृषक अपने घर के अतिरिक्त कमरा में मशरूम उत्पादन कर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## दुर्ग जिला पंचायत स्तरीय समिति के सदस्य बने धनराज

**जामगांव आर।** दुर्ग जिला के प्रभारी मंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने प्रभार जिला दुर्ग में विभिन्न समितियों में भाजपा कार्यकर्ताओं व सदस्यों का मनोनयन किया है। इसके तहत दुर्ग जिला पंचायत स्तरीय समिति में जामगांव आर भाजपा मंडल पूर्व अध्यक्ष धनराज साहू को सदस्य मनोनीत किया गया है।

## धानापुरी में रामधुनी सम्मेलन कल से

**गुरूर।** ग्राम धानापुरी में सेवा समिति शीतला पारा एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय भव्य रामधुनी सम्मेलन का आयोजन 1 व 2 अक्टूबर को किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विभिन्न रामधुनी मंडलियां भाग लेंगी।

## बैंक खातों से करोड़ों का ट्रांजेक्शन, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** बैंक खाते ट्रांजेक्शन कर करोडों की ठगी करने वाले दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 318(4), 319(2),61(2) बी के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि गदा चौक इंदिरा नगर निवासी धीरज महतो और रावणभाठा में रहने वाला मुकेश तांडी दोनों दोस्त है। दोनों ने शिकायत की है कि वर्ष 2023 में गोविंदा ने दोनों को झांसा देकरर भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर बैंक एकाउंट खोलने की बात कही। आईडीएफसी बैंक में खाता दोनों खुलवाया गया। इस बीच गोविंदा और रविकांत ने कहा कि दोनों का बैंक खाता, एटीएम ले जाना पड़ेगा। बैंक खाता को सिस्टम अपडेट करना होगा। दोनों शिकायतकर्ता एकाउंट और एटीएम लेकर उनके पास पहुंचे। तब पता चला कि करीब दोनों के खाते से 1 करोड़ 65 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन किया गया है। मुंबई ब्रांच ने बैंक एकाउंट को होल्ड कर रखा है। पीड़ितों का होश उड़ गया। गोविंदा के खाता में 80 लाख और रविकांत के खाता में 85 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन होने की पुलिस को पता चली है। दोनों खातों की डिटेल मंगाई जा रही है।

## शिक्षिका से एक लाख की ठगी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** स्कूली शिक्षक से एक लाख रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 318 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-10 सड़क 25 निवासी भानुजा सिरवैया शासकीय स्कूल मोहला मानपुर जिला में शिक्षक है। शिक्षिका ने मंत्रा ऐप से साड़ी का आर्डर किया था। क्वालिटी खराब होने के कारण साड़ी को लौटाने का निर्णय लिया। 22 सितंबर की शाम मोबाइल से मंत्रा ऐप साइड से आर्डर लौटाने पिकअप फेल होने के कारण गुगल से मंत्रा कस्टमर केयर नम्बर को सर्च किया। मिले नंबर में शिक्षिका ने कॉल किया। इस दौरान एक महिला ने कॉल रिसीव किया। महिला से बात कराने के लिये दूसरे मोबाइल नंबर से पीड़िता को रिटर्न वाट्सएप में वीडियो कॉल किया। वाट्सएप वीडियो कॉल में दिख रहे तीन बिन्दु जो दिख रहे है उस पर क्लिक करने की समझाइश दी। क्लिक करते ही मोबाइल का स्क्रीन शेयर हो गया और मोबाइल का एक्सेस उसके पास चला गया।


**आयोजन : खाद्य मंत्री दयालदास ने ग्राम बेलटुकरी में आम नागरिकों के साथ सुनी 'मन की बात'**

# देश के विकास में योगदान देने वालों को आगे लाने बेहतर मंच प्रदान कर रहे हैं मोदी : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 114 वहीं कड़ी का प्रसारण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर देशवासियों से अपने मन की बात कही। इस एपिसोड को खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने नवागढ़ के ग्राम बेलटुकरी में आम नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर सुना।

इस अवसर पर मंत्री श्री बघेल ने कहा कि वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी देश में छिपी हुई प्रतिभाओं, देश के विकास में योगदान देने वालों को आगे लाने के लिए बेहतर मंच साझा कर रहे हैं, ताकि ऐसे लोगों से देश की जनता प्रेरणा ले सकें और खुद अपने परिवार, समाज व देश के विकास में भूमिका निभाएं। श्री बघेल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वभाव स्वच्छता और संस्कार स्वच्छता की दिशा में देश में हो रहे सकारात्मक परिणाम पर बातचीत की। श्री मोदी मन की बात के माध्यम से देश की जनता इस कार्यक्रम को सुनकर प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। गौरतलब है कि मन की बात कार्यक्रम को 10 साल पूरे हो चुके हैं।






## सिंघोरी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात कार्यक्रम



**बेमेतरा।** शहर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात को वार्ड 14 सिंघोरी में सुना । प्रधानमंत्री ने नवरात्रि विजयादशमी की बधाई देते हुए देश वासियों को स्वच्छता का पालन करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाधक्ष भाजपा राजेन्द्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, पार्षद देवराम साहू, यादव राम साहू, दोहई वर्मा, संतोष वर्मा, धर्मेन्द्र साहू, युगल देवांगन, गोपी देवांगन, समय साहू, दीना साहू ठेकदार, अभय वर्मा, दुकालहा साहू, कुंजराम साहू सहित बड़ीसंख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गिधवा के ग्रामीणों ने सुना मन की बात कार्यक्रम

**दाढ़ी।** ग्राम गिधवा में टीवी व रेडियो के जरिए ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना। भाजपा नेता रोहित साहू के नेतृत्व में मन की बात कार्यक्रम सुनने की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम को सुनने के लिए नगर पंचायत दरजी के ग्राम गिधवा में एक किराने की दुकान पर टीवी लगाकर ग्रामीण व बच्चे उपस्थित भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस दौरान भाजपा नेता रोहित साहू पिन्टु श्रीवास्तव युवा किसान मजदूर नेता सूरज साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



## मन की बात सुनने पहुंचे अनेक ग्रामीण बने भाजपा के सदस्य

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 114 वे एपिसोड को मन की बात के साथ सदस्यता अभियान के तहत एक बार फिर से पंचायतों में 100 नवीन सदस्य बनाने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया गया। जिले के अभिभावक मंत्री दयाल दास बघेल के निर्देश पर हेमाबंद और सुरकी में डॉ सौरभ निर्वाणी ने जिम्मेदारी सम्हालते हुए ग्रामीणों के साथ बरगद के नीचे चौपाल लगाकर देश के नाम से संवाद को सुना। श्री मोदी के मन की बात सुनने के बाद उपस्थित युवाओं और ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि भाजपा की सदस्यता महज एक राजनैतिक दल की सदस्यता नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता के साथ अपने राजनैतिक अधिकारों के लिए सजग रहते हुए, देश की संस्कृति की रक्षा और अपने गौरवशाली आध्यात्मिक राजनैतिक इतिहास के प्रति श्रेष्ठता की भावना के साथ राष्ट्र प्रथम का भाव मन में स्थापित करना है। रेडियो पर श्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के दौरान केशव आडिल, विवेक आडील, कैलाश टंडन, राहुल टंडन, योगेश पुरैना, पूर्व सरपंच महेश वारे, शशांक राजपूत, विरेंद्र मार्कण्डेय, किशन वारे सहित 119 नए सदस्यों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## वार्ड नं 13 सिंघौरी में मनाई शहीद भगत सिंह की जयंती



**बेमेतरा।** भारत माता के वीर सपूत शहीद भगत सिंह की जयंती शनिवार को जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 13 भगत सिंह वार्ड में बड़े धूमधाम एवं जोश उमंग के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह के विचारों, शहादत, कार्यों एवं जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इसके पूर्व वीर अमर शहीद भगत सिंह के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान पूरा वार्ड भारत माता की जय, इकलाब जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। शहीद भगत सिंह की जीवनी पर किसान अध्यक्ष भानु राम साहू, राजेश पावार ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर संत राम यादव, भगवान साहू, छम्मन वर्मा, डोमन यादव, दिलीप यादव, देवेंद्र वर्मा, परमेश्वर साहू, युवा समाजसेवी संस्था के सदस्य प्रीतम, सौरभ वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 6 साल के विभाव ने बिना देखे किया हनुमान चालीसा का पाठ

**थान खम्हरिया।** अग्रवाल समाज के तत्वावधान में रविवार को मथुरादास गुलाबचंद सिंघानिया धर्मशाला में अग्रसेन जयंती महोत्सव शुरू हुआ। अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल ने पहले दिन विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की। अग्रवाल सभा के सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। म्यूजिकल चेयर, टैलेंट हेड, बोरा दौड़, 6 वर्ष के बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ, आनंद मेला का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर विभाव केडिया पालक विभा केडिया ने बिना देखे धारा प्रवाह हनुमान चालीसा का पाठ कर सुनाया। यह सुनकर सभी को मंत्र मुग्ध हो गए। इसके अलावा महामृत्युंजय मंत्र, गणेश जी का मंत्र, हनुमान जी का मंत्र, वासुदेव जी का सर्व सिद्ध मंत्र, सरस्वती जी का मंत्र इन्हें कंठस्थ याद है। विभाव केडिया ज्ञानदीप केजी 2 का छात्र है। इसके अलावा प्रेक्षा सिंघानिया पालक प्रतीक सिंघानिया नर्सरी क्लास में अध्यनरत हैं। उन्होंने भी हनुमान चालीसा का पाठ किया।



## एनसीसी के कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/साजा

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत सेजेस ठेलका में 37 छ.ग. बटालियन एनसीसी दुर्ग के कमान अधिकारी के मार्गदर्शन में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में एनसीसी के कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान एवं रैली का आयोजन किया।

इसके तहत स्कूल परिसर, खेल मैदान, गाँव के मंदिर परिसर, तालाब परिसर, बैंक परिसर, सोसायटी परिसर एवं गाँव के विभिन्न चौराहों की सफाई की गई। इसके साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता एवं सफ़ाई के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।




संस्था के प्राचार्य टीएल साहू ने कहा कि स्वच्छता एक अभियान नहीं है, बल्कि यह समाज के हर व्यक्ति की ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से न केवल हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ और स्वस्थ बनता है, बल्कि यह हमारे जीवन की गुणवत्ता भी सुधरती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों से इस अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा कैडेट्स उपस्थित रहे। रैली एवं सफाई अभियान का संचालन एनसीसी केयर टेकर धर्मपाल वर्मा ने किया।

## तलवार से हमला, पांच साल जेल

**भिलाई।** दुर्ग कोर्ट ने तलवार से हमला करने के आरोपी युवक को पांच साल सश्रम कारावास व 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी युवक रंजिशवश अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। कोर्ट ने आरोपी दिनेश चौरे 29 साल ओमनगर उरला थाना मोहननगर को यह सजा दी। मामले के मुताबिक घटना 29 जून की रात 9.30 बजे की है। आशीष मेश्राम काम कर रसमड़ा से अपने घर ओमनगर उरला लौट रहा था। उरला के पूर्वा किराना स्टोर्स के पास आरोपी दिनेश अपने साथी नीलेश, स्वपनील शर्मा और सतीश कुमार के साथ मिलकर आशीष को रोका और गाली गलौच की। मारपीट के दौरान आरोपी दिनेश ने तलवार से आशीष के सिर पर हमला किया और भाग निकले। लहुलूहान हाल में आशीष को अस्पताल में ले जाया गया। आशीष की मां लिहंता मेश्राम ने मोहनगर थाने में जाकर इसकी रिपोर्ट लिखवाई।

## एनएसएस के स्वयंसेवकों को मिला सी प्रमाण पत्र

**बालोद/कलंगपुर।** मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को प्राचार्य डॉ यशवंत साव और कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद भारती के द्वारा सी सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया की स्वयंसेविका स्वाति गंगबेर, सुमन साहू और पूजा साहू लगातार महाविद्यालय में 3 वर्षों तक राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक रहे और लगातार जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता निभाते रहे और इन्होंने सी सर्टिफिकेट के लिए अलग–अलग विषय जैसे पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, पोषण आहार आदि विषयों पर फाइल बनाकर विश्वविद्यालय में जमा किया था और साक्षात्कार के माध्यम से यह चयनित हुए और यह सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ, स्वयंसेवको ने बतलाया की फाइल बनाने में वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रताप सिंह और टेकराम पटेल का विशेष सहयोग और मार्गदर्शन रहा इनके सहयोग से हमने फाइल बनाया था।

## स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष बने राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की ब्लॉक नवागढ़ कार्यकारिणी गठन को लेकर शनिवार को बैठक हुई। बैठक में संघ के सदस्यों ने सर्वसम्मति से राकेश भारती को निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुन लिया।

इसके साथ ही पूरी ब्लॉक कार्यकारिणी का भी गठन किया गया जिसमें ब्लाक उपाध्यक्ष अम्बालिका सिंह राजपूत, ब्लाक महिला प्रकोष्ठ निशा साहू, सचिव एके. जांगड़े ,सह सचिव देवकी सोनी ,ब्लॉक महामंत्री गोवेन्द्र कुमार साहू , कोषाध्यक्ष निलाम्बर साहू, ब्लॉक प्रवक्ता प्रभा दुबे, ब्लाक मीडिया प्रभारी सावित्री साहू ,प्रचार प्रसार मंत्री आर पी वर्मा, सदस्य में सरिता दीवान शकुन देवदास बनाए गए।

इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संघ के सभी सदस्यों ने बधाई दी।



## मनदलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में किया गया पौधारोपण

**बालोद/कलंगपुर।** मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में शनिवार को युवा एवं खेल मंत्रलय द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद भारती के निर्देशानुसार महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं महाविद्यालय के स्वयंसेवक प्रताप सार्वा एवं टेकराम पटेल द्वारा महाविद्यालय में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में धारणा, राजेश साहू, नीलकंठ, तुषार, अनिल, भूपेश, खिलजा, भारती, छत्रपाल, धनेंद्र, मुकुंद धात्री, सतीश, धनजय, लोचन, गजेंद्र, पोखन, डुमेश सभी स्वयंसेवकों का भी योगदान रहा।

**डाइट गणित विषय शिक्षकों के प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन**

# शासकीय विद्यालयों को कम नहीं आंकना चाहिए : घृतलहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में जिले के दो विकासखंडों साजा और नवागढ़ के शिक्षकों का कक्षा छठवीं से आठवीं तक के गणित विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इसमें मिडिल स्कूल में गणित विषय पढ़ाने वाले 102 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे उपस्थित थे।

गणित प्रशिक्षण के प्रभारी व्याख्याता राजकुमार वर्मा ने गणित शिक्षण के उद्देश्यों और उनके लक्ष्य के ऊपर विस्तार से जानकारी दी। सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षा, और सतत विकास में बाधक 17 बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि जो गणित विषय पढ़ता है वह स्वयं ही आत्मनिर्भर हो जाता है।




उन्होंने निजी विद्यालय और शासकीय विद्यालयों की तुलना करते हुए शासकीय विद्यालयों को कम नहीं आँकने की बात पर जोर दिया और कहा कि हमें चुनौती को स्वीकार करनी चाहिए। संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता जीएल खुटियारे ने एक बहुत सुंदर मनोरंजक पूर्ण गीत प्रस्तुत किया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बेमेतरा से रिसोर्स पर्सन राघवेंद्र ने बच्चों को हम खेल-खेल में गणित कैसे सिखाएं, इस पर विस्तार से चर्चा की।

## मास्टर ट्रेनर्स नीलिमा ने संख्या रेखा के माध्यम से समझाई संक्रियाएं

मास्टर ट्रेनर्स नीलिमा साहू ने संक्रियाओं को संख्या रेखा के माध्यम से समझाने का प्रयास किया। प्रतिभागियों ने समीकरण को हल करने के लिए समूहों के माध्यम से दिए गए प्रश्नों का प्रस्तुतिकरण कराकर कठिनाइयां को दूर करने का प्रयास किया। मोटिवेशनल स्पीकर हर्षवर्धन जैन ने ज्यामिति के साथ परिमाप तथा बंद आकृति और खुली आकृति के बारे में चर्चा की। मास्टर ट्रेनर्स अशोक कुमार साहू ने समीकरण, ज्यामिति, परिमाप और क्षेत्रफल पर प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कोई जादूई पिटारा नहीं है, बल्कि सीखने सिखाने का एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता जीएल खुटियारे, डॉ बसुबंधु दीवान, अमिंदर भारती विशेष रूप से उपस्थित थे। अंत में सभी प्रतिभागियों को डाइट प्राचार्य ने प्रमाण पत्र प्रदान किया।

